केन्द्र सरकार के वे अधिकारी /कर्मचारी पुरस्कार के पात्र हैं जो "क" तथा "ख" क्षेत्र (अर्थात बिहार, हरियाणा , हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, गुजरात , महाराष्ट्र और पंजाब राज्य तथा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र तथा चंडीगढ़ संघ राज्य क्षेत्र) में वर्ष मे कम से कम 20 हजार शब्द तथा "ग" क्षेत्र (जिसमें "क"व ख" क्षेत्र के अलावा बाकी सभी राज्य और संघ राज्य क्षेत्र शमिल हैं) में वर्ष में कम से कम 10 हजार शब्द हिन्दी में लिखे ।

इस योजना के अंतर्गत निम्नलिखित नकद पुरस्कार देय हैं:

(क) केन्द्र सरकार के प्रत्येक मंत्रालय / विभाग / सम्बद्ध कार्यालय के लिए स्वतंत्र रूप से:

पहला पुरस्कार (2 पुरस्कार) – प्रत्येक रू. 500/ -

दूसरा पुरस्कार (3 पुरस्कार) – प्रत्येक रू .300/-

तीसरा पुरस्कार (5 पुरस्कार) – प्रत्येक रू. 150/

(ख) केन्द्रीय सरकार के किसी विभाग के प्रत्येक अधीनस्थ कार्यालय के लिए स्वतंत्र रूप से:-

पहला पुरस्कार (2 पुरस्कार) – प्रत्येक रू 400/ -

दूसरा पुरस्कार (3 पुरस्कार) – प्रत्येक रू 200/-

तीसरा पुरस्कार (4 पुरस्कार) – प्रत्येक रू 150/

(3) अधिकारियों को हिन्दी में डिक्टेशन देने के लिए प्रोत्साहन योजना।

इसयोजना के अंतर्गत ऐसे सभी अधिकारी , जिन्हें आशुलिपिक की सहायता उपलब्ध है या जो सामान्यत: डिक्टेशन देते हैं इस योजना में शमिल हो सकते हैं । सभी मंत्रालय/ विभाग / कार्यालय इस योजना को स्वयं चला सकते हैं और पुरस्कार के लिए आवश्यक हिन्दी डिक्टेशन कार्य की न्यूनतम सीमा निर्धारित कर सकते हैं। इस योजना के अन्तर्गत लगभग 500/- रूपयें का पुरस्कार रखा जा सकता हैं । पुरस्कार दो भी रखे जा सकते हैं। एक पुरस्कार ऐसे अधिकारियों के लिए जिनका घोषित निवास स्थान "क" तथा "ख" क्षेत्र के अंतर्गत हो और दूसरा पुरस्कार ऐसे अधिकारियों के लिए जिनका घोषित निवास स्थान "ग" क्षेत्र में हो ।

बांका और गोड्डा जिलों में एल पी जी एजेंसियां

30.* **श्री जनार्दन यादव**: क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बांका और गोड्डा जिलों में इस समय कितनी एल पी जी एजेसिंया हैं;

(ख) सरकार को इस बात की जानकारी है कि इन जिलों के लोगों को एल पी जी की आपूर्ति नहीं कि जा रही है और जो भी छिटपुट आपूर्ति की जा रही हैं, उसे अन्य जिलों से लाना पड़ता है, जिससे भारी कठिनाई होती है; और

(ग) क्या सरकार इन जिलों में नई गैस एजेंसियां खोले जाने को मंजूरी देने का विचार रखती है; यदि हां , तो कब तक और यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) से (ग) वर्तमान समय मे बिहार के गोड्डा अथवा बांका जिलों में कोई एल पी जी डिस्ट्रीब्यूटरशिप प्रचालनरत नहीं ह।

बांका में एल पी जी डिस्ट्रीब्यूटरशिप खोलने के लिए आशय – पत्र दिसम्ब, 1995 में पहले ही जारी कर दिया गया है। डिस्ट्रीब्यूटर के चयन के लिए गोड्डा के संबंध मे विज्ञापन भी दे दिया गया हैं। आशय पत्र के धारकों द्वारा आवश्यक औपचरिकता पूरी कर दिए जाने के बाद इन डिस्ट्रीब्यूटरिशपों को शीघ्र ही चालू किए जाने की संभावना हैं।

पासपोर्ट जारी करने की प्रक्रिया में तेजी लाना

*31. **श्री अजीत जोगी**: क्या विदेशी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा आवेदकों को पासपोर्ट जारी करने की प्रकिया में तेजी लाने के लिए क्या कदम उठाये गये हैं या उठाये जा रहे हैं;

(ख) क्या सरकार ने इस संबंध में कोई समय सीमा – निर्धारित की है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या पोसपोर्ट कार्यालय इस संबंध मे दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन कर रहें हैं; और

(ड) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं?

विदेशी मंत्री (श्री प्रणव मुखर्जी): (क) पासपोर्ट कार्यालयों के कार्यसंचालन को बेहतर बनाने के लिए सरकार लगतार प्रयत्नशील रहती है। इस बारे में सरकार ने कर्मचरियों की संख्या को बढ़ाने , कार्यालयी सुविधाओं का उत्रयन जिनमें कम्प्यूटीकरण भी शमिल है, पासपोर्ट जारी करने में होने वाले विलम्ब को कम करने के उद्देश्य से प्रणलियों और कार्यविधियों की समीक्षा,